अमर उजाला

बरेली
शुक्रवार, 11 नवंबर 2022
मार्गशीर्ष कृष्ण तृतीया
विक्रम संवत 2079

PAGE NO : 08 MIDDLE

छात्राओं ने हरियाणवी डांस कर जीता पहला पुरस्कार

लोक नृत्य प्रतियोगिता में प्रस्तुति देतीं छात्राएं। *संवाद*

बरेली। लाल-पीली हरियाणवी वेशभूषा में सज-धजकर आई बेदी इंटरनेशनल की छात्राओं ने हरियाणवी गाने पर शानदार डांस किया। उनके ग्रुप को पहला पुरस्कार दिया गया। इसी ग्रुप में डांस कर रही वेदिका का दायां हाथ टूटा हुआ था लेकिन प्लास्टर लगा होने के बावजूद उन्होंने टीम को कमजोर नहीं होने दिया और ग्रुप डांस करती रहीं। वहीं, व्यास वर्ल्ड स्कूल और जिंगल बेल्स स्कूल की छात्राओं ने मंच पर राज्यस्थान लोक नृत्य का रंग बिखेरा।

बरेली सहोदया स्कूल कांप्लेक्स की ओर से बृहस्पतिवार को स्टेडियम रोड स्थित एसआरएमएस रिद्धिमा में अंतर विद्यालय सामूहिक लोक नृत्य प्रतियोगिता डांसेशन का आयोजन किया गया। बरेली मंडल के 29 विद्यालयों की टीमों ने भारत के अलग-अलग राज्यों की संस्कृति को नृत्य के माध्यम से प्रस्तुत किया। प्रतियोगिता में बेदी इंटरनेशनल स्कूल की विद्यार्थियों की ओर से किए गए हरियाणवी डांस को पहला पुरस्कार दिया गया। दूसरे स्थान पर व्यास वर्ल्ड स्कूल व तीसरे स्थान पर जिंगल बेल्स स्कूल का राज्यस्थानी फोक डांस रहा। सांत्वना पुरस्कार बीबीएल स्कूल के पंजाबी, मदर टेरेसा स्कूल के राज्यस्थानी व जीआरएम के गुजराती डांस को दिया गया। विजेताओं को मुख्य अतिथि आईएसए के अध्यक्ष पारुष अरोड़ा, विशिष्ट अतिथि निर्भय बेनिवाल व अंकित बग्गा ने पुरस्कृत किया। निर्णायक मंडल में देवज्योति नस्कर और अंबालि प्रहराज रहे।

इससे पहले कार्यक्रम का शुभारंभ जीआरएम के प्रधानाचार्य शील सक्सेना, बेदी इंटरनेशनल की प्रधानाचार्य जेके साहनी, सोवतीस पब्लिक स्कूल की प्रधानाचार्य गुंजन साहनी, बिशप कॉनराड के प्रधानाचार्य फादर जॉन किंग और सौभाग्या चौधरी ने किया। ब्यूरो